Roll No. ....................

# 911

## कक्षा 9वीं वार्षिक परीक्षा, 2024-25

[401]

# HINDI

# हिन्दी

[Total No. of Questions: 23]
[Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours]
[Maximum Marks: 75]

*निर्देश –*

*(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित है।*

*(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उपप्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं।*

*(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं।*

*(v) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं।*

*(vi) प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं।*

*(vi) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए (1×6=6)

(i) सुमित्रानंदन पंत का जन्म किस गाँव में हुआ था?

(अ) कौसानी गाँव में (ब) केसला गाँव में

(स) केसली गाँव में (द) करौली गाँव में

(ii) निरपेक्ष होकर ईश्वर का भजन करने की बात किसने कही है?

(अ) रसखान ने (ब) माखनलाल चतुर्वेदी ने

(स) कबीर ने (द) राजेश जोशी ने

(iii) "रघुपति राघव राजा राम" में कौन–सा अलंकार है?

(अ) यमक (ब) उपमा

(स) रूपक (द) अनुप्रास

(iv) ल्हासा की ओर जाते समय लेखक के साथ कौन था?

(अ) सेवक (ब) कुमति

(स) सुमति (द) बसुमति

(v) किस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं?

(अ) तत्पुरुष समास (ब) द्विगु समास

(स) द्वन्द्व समास (द) कर्मधारण समास

(vi) एकांकी में उमा की माँ का नाम क्या है?

(अ) आभा (ब) शोभा

(स) दया (द) प्रेमा

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए – (1×6=6)

(i) 'मेघ आए' रचना .................... कवि की है। (राजेश जोशी, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना)

(ii) 'मंगल भवन अमंगल हारी' में ........................................ छंद है। (चौपाई, सोरठा)

(iii) करुण रस का स्थायी भाव ........................................................ है। (निर्वेद, शोक)

(iv) दोनों बैलों का ऐसा ........................................ कभी न हुआ था। (सम्मान, अपमान)

(v) तालाब का पर्यायवाची ........................................................ है। (सरोवर, तटिनी)

(vi) रेणु का पूरा नाम ................................................ रेणु है। (रवीन्द्रनाथ, फणीश्वरनाथ)

प्र.3 निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए – (1×6=6)

(i) अरहर और सनई की करधनी शोभा कम कर रही है।

(ii) जहाँ उपमेय और उपमान की तुलना की जाती है, वहाँ उपमा अलंकार होता है।

(iii) जूता हमेशा टोपी से सस्ता रहा है।

(iv) 'मेरे बचपन के दिन' संस्मरण विद्या से संबंधित है।

(v) हिन्दी का प्रथम महाकाव्य पृथ्वीराज रासो है।

(vi) उमा आधुनिक व जागरूक युवती नहीं है।

प्र.4 सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए – (1×6=6)

| स्तम्भ – (अ) | स्तम्भ – (ब) |
|---|---|
| (i) वाख | (क) खण्डकाव्य |
| (ii) पंचवटी | (ख) विजातीय |
| (iii) झूरी का साला | (ग) गया |
| (iv) सजातीय | (घ) जगदीश चंद्र माथुर |
| (v) भी, ही, भर | (ङ) कविता |
| (vi) रीढ़ की हड्डी | (च) निपात शब्द |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक एक वाक्य में लिखिए (1×6=6)

(i) रसखान अपनी आँखो से क्या देखना चाहते हैं?

(ii) विस्तृत कलेवर वाले काव्य को क्या कहते हैं?

(iii) सालिम अली किस प्रधानमंत्री से मिले थे?

(iv) 'जाग्रति' की शुद्ध वर्तनी क्या है?

(v) लेखिका मृदुला गर्ग ने बच्चों का स्कूल कहाँ खुलवाया?

(vi) 'इस जल प्रलय में' पाठ में बाढ़ के पानी को क्या कहा गया है?

प्र.6 भक्तिकाल को स्वर्णयुग क्यों कहा गया है? (2)

अथवा

प्रगतिवाद की कोई दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

प्र.7 कवि कबीरदास **अथवा** माखनलाल चतुर्वेदी की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए – (2)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाव पक्ष

प्र.8 अर्द्धरात्रि में कोयल की चीख से कवि को क्या अंदेशा है? (2)

अथवा

मेघों के लिए 'बन–ठन के, संवर के' आने की बात क्यों कही गयी है?

प्र.9 कबीर ने ईश्वर को 'सब स्वाँसों की स्वाँस में' क्यों कहा है? (2)

अथवा

'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?

प्र.10 आचार्य विश्वनाथ के अनुसार काव्य की परिभाषा लिखिए। (2)

अथवा

स्थायी भाव एवं संचारी भाव में कोई दो अंतर लिखिए।

प्र.11 वात्सल्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

दोहा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.12 'संस्मरण' किसे कहते हैं? किन्हीं दो संस्मरण लेखकों के नाम लिखिए। (2)

अथवा

'यात्रा वृतांत' किसे कहते हैं? किन्हीं दो यात्रावृतांत लेखकों के नाम लिखिए।

प्र.13 राहुल सांकृत्यायन **अथवा** महादेवी वर्मा का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए – (2)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा शैली

प्र.14 यमुना नदी का साँवला पानी किस घटनाक्रम की याद दिलाता है? (2)

अथवा

लेखिका और उनकी सहेलियाँ अपने जेब खर्च से पैसे क्यों बचाती थीं?

प्र.15 तिब्बत में कानून व्यवस्था कैसी है? अपने शब्दों में लिखिए। (2)

अथवा

छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया?

प्र.16 तत्सम एवं तद्भव शब्दों में कोई दो अंतर लिखिए। (2)

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –

(i) पृथ्वी

(ii) कामदेव

प्र.17 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों? (2)

अथवा

'रीढ़ की हड्डी' एकांकी किस समस्या पर आधारित है? उसका उद्देश्य लिखिए।

प्र.18 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (3)

रोमांचित सी लगती वसुधा
आई जौ, गेहूँ में बाली,
अरहर सनई की सोने की
किंकिणियाँ हैं शोभाशाली।

**अथवा**

ऊँचे कुल कर जनमिया, जे करनी ऊँच न होई।
सुबरन कलस सुरा भरा, साधू निंदा सोई।।

प्र.19 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (3)

इस संस्कृति के फैलाव का परिणाम क्या होगा? यह गंभीर चिंता का विषय है। हमारे सीमित संसाधनों का घोर अपव्यय हो रहा है। जीवन की गुणवत्ता आलू के चिप्स से नहीं सुधरती, न बहुविज्ञापित शीतल पेयों से। भले ही वे अंतर्राष्ट्री हों। पीजा और बर्गर कितने ही आधुनिक हों, हैं वे कूड़ा खाद्य।

**अथवा**

तुम मुझ पर या हम सभी पर हँस रहे हो, उन पर जो अँगुली छिपाए और तलुआ घिसाए चल रहे हैं, उन पर जो टीले को बरकाकर बाजू से निकल रहे हैं। तुम कह रहे हो – मैंने तो ठोकर मार–मारकर जूता फाड़ लिया, अँगुली बाहर निकल आई, पर पाँव बच रहा और मैं चलता रहा, मगर तुम अँगुली को ढाँकने की चिंता में तलुवे का नाश कर रहे हो। तुम चलोगे कैसे?

प्र.20 वार्षिक परीक्षा की तैयारी के संबंध में दो मित्रों के मध्य संवाद लिखिए। (3)

**अथवा**

'योग का महत्त्व' विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए।

प्र.21 निम्नलिखित अपठित गद्यांश **अथवा** काव्यांश को पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (4)

वर्तमान समय में समय का सदुपयोग करना ही हमारे जीवन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। सफलता प्राप्ति का मूल मंत्र भी यही है। जीवन में अनेक मुश्किलें आती हैं, अनेक व्यस्तताएँ होती हैं, जिसके कारण हमारा मन विचलित हो जाता है और हम घबरा जाते हैं। आज के काम को कल पर टालने की प्रवृत्ति मन में घर कर जाती है। हमें इससे बचना चाहिए और प्रत्येक कार्य को समय पर करने का अभ्यास करना चाहिए।

**प्रश्न** –

(i) हमारे जीवन का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(ii) हमें किस प्रवृत्ति से बचना चाहिए?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(iv) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

**अथवा**

सावधान मनुष्य! यदि विज्ञान है तलवार,
तो इसे दो फेंक, तजकर मोह, स्मृति के पार।
हो चुका है सिद्ध! है तू शिशु अभी अज्ञान,
फूल काँटों की तुझे, कुछ भी नहीं पहचान।
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार,
काट लेगा अंग, तीखी है, बड़ी ये धार।

**प्रश्न** –

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ii) फूल और काँटों से कवि का क्या तात्पर्य है?

(iii) धार शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(iv) उपर्युक्त पद्यांश का भाव अपने शब्दों में लिखिए।

प्र.22 अपने जिले के जिलाधीश महोदय को परीक्षाकाल में हो रहे ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक लगाने हेतु आवेदन पत्र लिखिए। (4)

अथवा

अपने प्रिय मित्र को बड़े भाई के विवाह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए। (लगभग 120 शब्दों में) (4)

(i) अनुशासन – छात्र जीवन की बुनियाद

(ii) खेलों का महत्त्व

(iii) पर्यावरण प्रदूषण – समस्या एवं समाधान

(iv) वृक्षारोपण

(v) बालिका शिक्षा

---